


नवभारत 06
भोपाल, मंगलवार 6 जनवरी 2026

# कांग्रेस लोगों को कर रही है गुमराह

## पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने कांग्रेस के आंदोलन पर किया पलटवार

**बेगमगंज, 5 जनवरी. कांग्रेस के पास कोई काम तो बचा नहीं है, इसलिए लोगों को गुमराह कर रही है और कांग्रेसी कभी रामजी राम पर तो कभी घण्टा बचाकर खंभा नोंचने में लगे हुए हैं.**

कांग्रेस के घंटा बचाओ आंदोलन पर तीखा हमला बोलकर देश में भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा, मनरेगा का नाम जी राम जी होने पर होहल्ला मचाने वाली कांग्रेस को ये देखना चाहिए कि अब ग्रामीण क्षेत्र के हरेक बेरोजगार व्यक्ति को 100 दिन की जगह 125 दिन का रोजगार मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक ओर सामाजिक स्थिति में सुधार होगा.



अपने जन्मदिन पर मीडिया से चर्चा करते हुए पूर्वमंत्री रामपाल सिंह ने कहाकि जिले भर की जनता का स्नेह और आशीर्वाद उन्हें और भाजपा को मिला हुआ है. आज जो भी कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नेताओं ने आकर आशीर्वाद दिया है, उसके सदैव ऋणी रहेंगे. भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को बड़ी राहत मिली है. उन्होंने कहा, सरकार ने मनरेगा में मौजूद कर्मियों को दूर करके एक नई योजना विकसित भारत जी राम जी बनाई है. यह योजना मनरेगा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए तैयार की गई है. नई व्यवस्था के तहत रोजगार की गारंटी को मजबूत किया गया है. पहले लोगों को 100 दिन के रोजगार की गारंटी थी लेकिन अब उसे बढ़ाकर 125 दिन की कानूनी गारंटी कर दिया गया है.

सरकार का उद्देश्य ग्रामीण को आर्थिक रोजगार और सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है. भारत सरकार द्वारा जारी बड़े बजट का लाभ गांव तक पहुंचेगा. विकसित भारत जी राम जी योजना के बजट में वृद्धि की गई है. पहले इसका प्रस्तावित बजट 88000 करोड़ रुपए था, जिसे बढ़ाकर 1 लाख 510282 करोड रुपए कर दिया गया है.

> इस बड़े हुए बजट का सीधा लाभ गांव तक पहुंचेगा. उन्होंने कहा कांग्रेस लगातार झूठ और भ्रामक प्रचार कर रही है जबकि यह योजना ग्रामीण भारत के लिए विकास के साथ बड़ा आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन लाने वाली है. वहीं सिलवानी विधानसभा क्षेत्र में सम्पूर्ण भूमि सिंचित होने की दशा में ठोस कार्य हो रहे हैं. पूर्व में सड़कों का जाल बिछाया गया था. अब सिंचाई के लिए बांधो का जाल बिछाया जा रहा है. एक इंच भूमि भी असिंचित नहीं रहेगी.

### छात्र-छात्राओं ने देखी चंदेरी साड़ियों की बुनाई

**भोपाल, 5 जनवरी.** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) भोपाल के स्कूल ऑफ डिज़ाइन द्वारा विद्यार्थियों के लिए ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी चंदेरी का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया. इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय पारंपरिक वस्त्र कला, हस्तशिल्प एवं स्थानीय संस्कृति से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था. यह शैक्षणिक भ्रमण विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कुलगुरु डॉ. विजय सिंह, कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा, डीन एकेडमिक्स डॉ. वी. के. गुप्ता तथा डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. विनोद कुमार शर्मा,स्कूल ऑफ डिज़ाइन प्रमुख मेघा थापा के मार्गदर्शन एवं सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने चंदेरी की समृद्ध सांस्कृतिक एवं वस्त्र विरासत को नजदीक से समझा. उन्हें चंदेरी बुनाई की संपूर्ण प्रक्रिया—सूत्र (यार्न) की तैयारी, रंगाई तथा करघे पर बुनाई की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई.



# एथलेटिक्स में एएसआई रघुवंशी ने जीते 2 गोल्ड

**बेगमगंज, 5 जनवरी. बेगमगंज थाने में पदस्थ एएसआई राधेश्याम सिंह रघुवंशी ने भोपाल में स्टेट मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में 50 प्लस में गोल्ड मेडल प्राप्त कर विभाग का नाम रोशन किया है.**

उन्होंने 5 किलोमीटर की तेज पैदल चाल को 34 मिनट में पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया है. वहीं दूसरा गोल्ड मेडल हैमर थ्रो फेंकने पर प्राप्त किया. उन्हें हैमर थ्रो 14 मीटर फेंकने पर प्रथम स्थान मिला. 54 वर्षीय रघुवंशी ने बताया कि शारीरिक तौर पर फिट रहने के लिए ज्यादातर पैदल ही चलते हैं, जिससे उनकी रोज की प्रैक्टिस बनी रहती है. एएसआई रघुवंशी का एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव, थानाप्रभारी राजीव उइके व स्टाफ ने बधाई दी है.

## एक नजर में



### सांची विश्वविद्यालय ने प्रदान की अनुकंपा नियुक्ति

**सलामतपुर, 5 जनवरी.** सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में भृत्य स्वर्गीय देवकरण गोहिया की पत्नी रविता गोहिया को कार्यालय सहायक ग्रेड 3 के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति दी गई. गोहिया का निधन 15 अगस्त 2025 को हो गया था. विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आरएन गुप्ता ने रविता को नियुक्ति पत्र सौंपा. रविता गोहिया एम.ए हैं एवं उनकी शैक्षणिक योग्यता और सांची विश्वविद्यालय अधिसूचना एवं मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग परिपत्र के आधार पर उन्हें भृत्य की जगह कार्यालय सहायक ग्रेड-3 पर नियुक्ति दी गई. रविता गोहिया को परिवीक्षा अवधि के दौरान सी.पी.सी.टी परीक्षा उत्तीर्ण कर कंप्यूटर डिप्लोमा विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करना होगा. सांची विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ एवं कुलसचिव प्रो. आर.एन गुप्ता ने रविता को नियुक्ति प्रदान किए जाने पर बधाई दी. सांची विश्वविद्यालय में भृत्य राजेश कहार का निधन हो जाने पर उनकी धर्मपत्नी को भी पूर्व में भृत्य पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई थी.

### जुआ खेल रहे 9 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सलामतपुर, 5 जनवरी.** गुलगांव रोड पर जुआं खेलने की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर नो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. यह कार्रवाई महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी के निर्देशो के पालन अनुसार सांची थाना प्रभारी जयप्रकाश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में टीम सउनि चंद्रपाल सिंह, प्र.आर. दीपक उबनारे, प्र.आर. ध्रुव सिंह, प्र.आर सुरेश गोहे, प्र.आर. सुनील लोधी, आर. मिथुन प्रताप सिंह, आरक्षक शैलेन्द्र सिंह का विशेष योगदान रहा है. यह जुआरी गुलगांव रोड के नीचे अवैध रूप से जुआं खेलते पाये जाने पर 13 जुआं एक्ट के तहत थाना सांची में अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया है. आरोपियों से 38560 रुपये बरामद किए गए हैं. पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सुरेन्द्र पिता राधेश्याम शर्मा उम्र 47 साल निवासी वार्ड क्र. 04 सांची, तरण सिंह पिता मोहन सिंह राजपूत उम्र 44 साल निवासी वार्ड क्र. 08 सांची, राजकुमार पिता सीताराम वर्मा उम्र 50 साल निवासी सांची, गोविंद पिता भगवान सिंह राय उम्र 46 साल निवासी आशाराम कालोनी विदिशा महेश पिता नर्वदाप्रसाद लोधी उम्र 38 साल निवासी सांची, कल्लू पिता नाथूराम अहिरवार उम्र 48 साल निवासी वार्ड क्र. 03 साँची, राजा पिता मोहनलाल वाल्मीक उम्र 52 साल निवासी वार्ड क्र. 03 साँची, मोहित पिता राजेन्द्र पटेल उम्र 32 साल निवासी साँची, अनिल पिता रमेश कुमार लोधा उम्र 55 साल वार्ड क्र. 08 साँची शामिल हैं.

### भोपाल के मृगनयनी जीटीबी में चंदेरी उत्सव कल से

**भोपाल, 5 जनवरी.** भोपाल में पारंपरिक हस्तशिल्प और हथकरघा कला को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संत रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम द्वारा चंदेरी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है. यह उत्सव 7 जनवरी से 18 जनवरी तक जीटीबी कॉम्पलेक्स स्थित मृगनयनी एम्पोरियम में आयोजित होगा. चंदेरी उत्सव में प्रसिद्ध चंदेरी बुनकर मो. शपीक खान और मो. माजिद अली अपने उत्कृष्ट हस्तशिल्प का प्रदर्शन करेंगे.



# पिंड भरते हुए बोरास के लिए जत्था रवाना

**सिलवानी, 5 जनवरी. हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी सिलवानी नगर से मां नर्मदा तट बोरास के लिए श्रद्धालुओं का जत्था पिंड भरते हुए रवाना हुआ. 25 सदस्यीय यह जत्था नगर के प्राचीन श्रीराम मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद यात्रा पर निकला.**

श्रद्धालुओं ने बताया कि सिलवानी से मां नर्मदा तट बोरास की दूरी लगभग 40 किलोमीटर है, जिसे वे पिंड भरते हुए तय करेंगे. इस यात्रा को पूर्ण करने में लगभग 8 दिन का समय लगेगा. यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ मां नर्मदा का स्मरण करते हुए आगे बढ़ेंगे. जत्थे के सदस्यों के अनुसार, नर्मदा तट बोरास पहुंचने के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा. पिंड भरते हुए 25 सदस्यीय जत्थे का स्वागत भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष नारायण यादव, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजीव सोनी, बब्लू साहू द्वारा सभी का माला पहनाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया गया. साथ ही जत्थे को शुभकामनाएं देते हुए सकुशल यात्रा की कामना की.

# नाले का जर्जर पुल हो सकता है धराशायी

## 50 साल पुराने पुल का जंग लगा लोहा दिखने लगा बाहर

- बेगमगंज में चकला नाले पर बना है यह पुल
- खानपुर नाले का पुल भी हो गया जर्जर

**बेगमगंज, 5 जनवरी. नगर में भोपाल रोड स्थित चकला नाले पर 50 साल पहले बना पुल जर्जर स्थिति में है, जंग लगे लोहे ने जगह -जगह से बेस छोड़कर बाहर आना शुरू कर दिया है. इसी प्रकार खानपुर पुल भी आज जर्जर स्थिति में है. दोनों के पुनर्निर्माण की मांग दो दशक से चल रही है लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं.**

सागर -भोपाल राज्यमार्ग पर चकला नाला एवं खानपुर नाला पर 50 साल पहले सड़क निर्माण के समय नवीन पुल बनाए गए थे.

तब से दोनों पुलों से हजारों भारी, हल्के वाहनों का आवागमन जारी है. सड़क का तो यदाकदा संधारण हुआ लेकिन पुलों की मरम्मत नहीं हुई और आज वो जर्जर स्थिति में है जो कभी भी हादसे का शिकार हो सकते हैं.

अनहोनी की आशंका को देखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों द्वारा अनेक बार मीडिया के माध्यम से दोनों पुलों की जर्जर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उनके पुनर्निर्माण की मांग उठाई गई लेकिन जिम्मेदारों एवं सरकार ने आजतक ध्यान दिया.

अब जबकि बरेली - पिपरिया मार्ग का नयागांव पुल गिर गया है तो उपरोक्त दोनों पुलों के पुनर्निर्माण किए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है.

> **स्थानीय लोगों की मांग**
> राहतगढ़ सड़क का निर्माण कार्य जारी है तो लगे हाथ फिर से इन दोनों पुलों का निर्माण भी करा दिया जाए. इस संबंध में पीडब्ल्यूडी एसडीओ राजाराम अहिरवार का कहना है कि पुल की जर्जर हालत के कारण भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है. ताकि कोई अनहोनी ना हो. सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है, उनके द्वारा ही नए पुल का निर्माण कराया जाएगा.

# भाजपा की कामकाजी बैठक विश्रामगृह में संपन्न

**सिलवानी, 5 जनवरी. भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक सोमवार को नगर के विश्रामगृह में संपन्न हुई. बैठक में विशेष रूप से प्रदेश के पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत उपस्थित रहे. बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की मजबूती तथा आगामी पार्टी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करना रहा.**

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने कहा कि आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी के कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं, जिनकी सफलता के लिए संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका आवश्यक है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने, सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाने तथा पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का आह्वान किया.

उन्होंने कहा कि भाजपा एक अनुशासित और मजबूत संगठन है तथा संगठन की ताकत कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण में निहित है. आगामी कार्यक्रमों को लेकर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अभी से तैयारी में जुट जाना चाहिए. बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, विजय शुक्ला, विभोर नायक, पप्पू ठाकुर, हरिराम यादव ने संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने पर अपने विचार रखे.

> बैठक में मुख्य रूप वरिष्ठ भाजपा नेता रमाकांत शुक्ला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक रघुवंशी, हरनाम सिंह लोधी, पप्पू ठाकुर, हरिराम यादव, राकेश उईके सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# 11 जनवरी को सिलवानी में होगा हिंदू सम्मेलन

## जनजागरण के लिए निकाली वाहन रैली



**सिलवानी, 5 जनवरी. सिलवानी नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आगामी 11 जनवरी को आयोजित होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं. इसी क्रम में सोमवार को नगर में भव्य वाहन रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से लोगों को सम्मेलन की जानकारी दी गई और सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया.**

वाहन रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए सम्मेलन का संदेश जन-जन तक पहुंचाया. रैली में बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए, जिससे नगर का माहौल उत्साहपूर्ण दिखाई दिया.

> आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से नगरभर में जनजागरण एवं संपर्क कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं. घर-घर संपर्क कर लोगों को सम्मेलन के उद्देश्य और महत्व से अवगत कराया जा रहा है. उल्लेखनीय है कि यह सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है, जिसे लेकर नगरवासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है. आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है.

**साहस... 60 दिनों में 100 शहरों में किया 1 लाख पौधरोपण**

# अंजना ने गुजरात तक 4600 किमी की साइकिल यात्रा पूरी की

**सलामतपुर, 5 जनवरी. 'पेडल टू प्लांट 2025' अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अंजना यादव ने 31 दिसंबर को 4600 किलोमीटर की साईकिल यात्रा गुजरात में समाप्त की. इस दौरान उन्होंने सात राज्यों के लगभग 100 शहरों में एक लाख पौधरोपण कर अद्भुत मिशन को पूरा किया.**



उनका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, फिटनेस और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है. प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी अंजना के अद्भुत मिशन की सराहना की. उनके साथ निक्षा बारोट, निशा और निलेश भी यात्रा में शामिल हैं. अंजना ने अपनी सफलता की यात्रा साझा की. सभी को लक्ष्य तय कर मिशन की तरह मेहनत करने की सलाह दी. मोबाइल का सही उपयोग कर ज्ञान और कौशल बढ़ाने की बात कही. उन्होंने बताया कि वह आठ खेलों में राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी हैं. अब तक देश की 22 चोटियों पर चढ़ चुकी हैं.

> **इन प्रमुख ऊंची चोटियों पर चढ़ चुकी हैं अंजना**
> अंजना यादव कई ऊंची चोटियों पर देश का तिरंगा फहरा चुकी हैं. जिनमें माउंट फ्रेंडशिप पीक 17346 फिट, माउंट यू नाम पीक 20000 फिट, माउंट रेनोक पीक 16023 फिट, माउंट कालापट्टर पीक 18192 फिट, माउंट गोकू पीक 17929 फिट, माउंट पतासु पीक 13800 फिट के साथ ही 19 किलो मीटर गंगा राफ्टिंग ऋषिकेश, ऑल ओवर गेम्स में 17 नेशनल खेल चुकी हैं. कबड्डी खो-खो, ताइक्वांडो, विसवाल आदि में भी खेल चुकी हैं. अंजना यादव ने माउंटट्रेनिंग बेसिक बीएमसी कोर्स हिमालयन इंस्टीट्यूट से किया है जिसके भारत में तीन ही संस्थान है. और दुनिया का सबसे ऊंचा महाद्वीप माउंट एवरेस्ट है उसका वेस कैंप पर भी तिरंगा फहराया है. वह अभी हिंदुस्तान एडवेंचर फाउंडेशन कंपनी के साथ जा रही हैं. और इसके अलावा भी वह रक्तदान, जलसेवा, पर्यावरण आदि में रुचि रखकर विभिन्न कार्य करती रहती हैं.

> **इनका कहना है**
> मेने साइकिल से अरुणाचल प्रदेश से गुजरात तक 4600 किमी की यात्रा 31 दिसंबर को पूरी की है. और 60 दिनों में 100 शहरों में लगभग 1 लाख पौधरोपण भी किये हैं. और उन्होंने कहा कि उनका नया लक्ष्य विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर 2026 में जाना है. और उन्होंने सभी को लक्ष्य तय कर मिशन की तरह मेहनत करने की सलाह दी है.
> **अंजना यादव,** पर्वतारोही.

# युवा कांग्रेस ने मंत्री विजयवर्गीय का पुतला दहन कर किया विरोध

- नारे लगाकर मंत्री से तत्काल इस्तीफा देने की मांग की

**बाड़ी,5 जनवरी.** नगर के चिंतामन चौराहा पर रविवार को युवा कांग्रेस ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया. दूषित पानी से हुई मौतों और एक पत्रकार के साथ बदसलूकी के विरोध में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मंत्री से इस्तीफे की मांग की. प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'कैलाश विजयवर्गीय के विरोध में नारे लगाए और मंत्री से तत्काल इस्तीफे की मांग की. युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल ठाकुर ने कहा कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विधानसभा क्षेत्र के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 14 लोगों की मौत हो चुकी है. जो प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है. घटना के बाद जब एक पत्रकार ने मंत्री से सवाल पूछे तो उन पर पत्रकार के साथ अभद्र व्यवहार करने और आपत्तिजनक शब्दों के प्रयोग का आरोप लगाया गया. इस दौरान चौराह पर भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा उन्होंने पुतले को खींचकर दहन से रोका. विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष आसिम खान, युवा अध्यक्ष राहुल ठाकुर, शेख मुजीब, अमित साहू, रिजवान मंसूरी, अभिषेक प्रताप ,जीतू ठाकुर, तरुण पाल, नवीन पाल, प्रियांशु पटेल, उपस्थित रहे.